जिला कलेक्टर
श्रीगंगानगर
187/15
सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील सूचना का अधिकार संख्या 187/2015 श्री धीरज कुमार निवासी 610 बालाजी टावर, 6वां, नजदीक होटल रेडिसन, दुर्गापुरा, जयपुर बनाम तहसीलदार, अनूपगढ

31.032016

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी श्री धीरज कुमार उपस्थित नही है। लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार, अनूपगढ के प्रतिनिधि उपस्थित नही है। पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया कि अपीलार्थी श्री धीरज कुमार ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन पत्र दिनांक 21.09.2015 आईपीओ न0 32 एफ 427457 दिनांक 12.10.2015 के द्वारा तहसीलदार , अनूपगढ से निम्न सूचना चाही थीः–

1. वर्तमान तहसीलदार, श्री बुद्धराम द्वारा वसीयत में ईन्तकाल दर्ज करने के आदेशो के कुल प्रकरणो की संख्या, प्रकरण नाम व दिनांक प्रदान करें (तहसीलदार श्री बुद्धराम बिश्नोई के पदस्थापन से दिनांक 21.09.2015तक)
2. गैर खातेदारी वसीयत के कुल प्रकरणो की संख्या, प्रकरण नाम, दिनांक व निस्तारण दिनांक प्रदान करें, (तहसीलदार श्री बुद्धराम बिश्नोई के पदस्थापन से दिनांक 21.09.2015तक)
3. दिनांक 01.01.2015 से दिनांक 30.07.2015 अवधि के दौरान तहसीलदार अनूपगढ को राज कार्य के लिए दिए गए वाहन की डीजल लॉग बुक प्रदान करें।
4. दिनांक 01.03.2015 से 30.05.2015 तक की तहसीलदार बुद्धराम की दैनिक कार्य डायरी पुस्तिका/रिकार्ड के सभी पृष्टो की प्रमाणित प्रतिलिपियां प्रदान करे।
5. वर्तमान तहसीलदार बुद्धराम बिश्नोई के विरूद्ध इनकी नियुक्ति से लेकर दिनांक 21.09.2015 तक जारी या दिए गए आरोपपत्रो/चार्जशीट की प्रतिलिपियां प्रदान करे।
6. वर्तमान तहसीलदार बुद्धराम की नियुक्ति से लेकर दिनांक 21.09.2015 तक शिकायतों की प्रतिलिपियां (प्रमाणित) प्रदान करें।
7. तहसीलदार बुद्धराम बिश्नोई की सेवा पुस्तिका (Employee Service Record Book) की प्रतिलिपि प्रदान करें।
8. तहसीलदार श्री बुद्धराम बिश्नोई अनूपगढ़ पदस्थापन से लेकर दिनांक 21.09.2015 कब तक मुख्यालय परित्याग रहे इन दिनो का ब्यौरा व परित्या के कितने प्रार्थना पत्र तैयार किये।
9. प्रथम अपीलीय अधिकारी का नाम, पद व विभागीय पता प्रदान करे।

अपीलार्थी श्री धीरज कुमार ने यह अपील इस आधार पर प्रस्तुत की है कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार अनूपगढ द्वारा उसके प्रा0 पत्र पर निर्णय नही लिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी से पूर्ण सूचना रजिस्टर्ड डाक द्वारा निशुल्क उपलब्ध करवाई जावे व सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावे।

अपीलार्थी के अपीलपत्र के संबंध में तहसीलदार (राजस्व) अनूपगढ द्वारा प्रतिवेदन संख्या 46 दिनांक 21.01.2016 प्रस्तुत कर निवेदन किया किया गया है कि प्रार्थी धीरज कुमार का सूचना के अधिकार के तहत एक बिना हस्ताक्षर का प्रा0 पत्र डाक द्वारा प्राप्त हुआ। उक्त प्रा0 पत्र पर प्रार्थी के हस्ताक्षर नही होने से सूचना तैयार नही करवाई गयी। प्रार्थी के द्वारा उक्त प्रा0 पत्र पर तारीख 21.09.2015 अंकित की गयी है जबकि इसके साथ पोस्टल ऑर्डर दिनांक 12.10.15 का अंकित है और लोक सूचना

कलेक्टर
श्रीगंगानगर

जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर
187/15
AB/2

अधिकारी द्वारा अपीलार्थी को पत्र सं0 281 दि0 09.11.2015 से प्रार्थी को समय अविध में ही सूचनांओ के बारे में उक्तानुसार सूचित कर दिया गया था। किन्तु बाद में अपील के संबंध में इस कार्यालय (जिला कलक्टर कार्यालय) का स्मरण पत्र सं0 155 दिनांक 21.01.2016 उन्हें प्राप्त होने पर अपीलार्थी द्वारा बिन्दुवार वांछित सूचना तैयार कर पत्र सं0 45 दिनांक 21.01.16 के द्वारा उसे भिजवा दी गई है। जिसमें बिन्दु सं0 5,6,7 के संबंध में उनके कार्यालय में रिकार्ड न होने के बारे में सूचित किया जा चुका है। इस प्रकार अपीलार्थी की अपील पर आगे किसी कार्यवाही की आवश्यकता प्रतीत नही होती है और अपीलार्थी की अपील खारिज करने योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपीलार्थी की अपील खारिज की जाती है। आदेश की प्रति लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, अनूपगढ को पालनार्थ भिजवाई जावे। आदेश की प्रति अपीलार्थी को भी भेजी जावे। पत्रावली बाद तरतीब तकमील दाखिल दफतर हो।

यह आदेश आज दिनांक 31.03.2016 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(पी.सी.किशन)

जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर